Bareilly, Sunday,
13 July 2025

BAREILLY EDITION

Price ₹3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

PAGE NO : IV MIDDLE




एसआरएमएस मेडिकल कालेज में एआई से मस्तिष्क विज्ञान में क्रांति पर सीएमई के आयोजन में पुस्तक का विमोचन करते चेयरमैन देवमूर्ति, आदित्य मूर्ति व अन्य • सौ. कालेज

## दिमाग के रहस्यों को समझने में एआइ करेगा मदद

जासं, बरेली: अभी तक इंसान ढाई सौ ग्राम के दिमाग को नहीं समझ पाया। 2.5 गीगाबाइट की क्षमता वाले दिमाग के तमाम रहस्य अभी अनजान हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) का दौर संभव है दिमाग के रहस्यों को समझने में मदद करे। यह बातें एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने 'एआइ से न्यूरोएनाटामी शिक्षा और इसके चिकित्सकीय परिणाम से मस्तिष्क विज्ञान में क्रांति' विषय पर आयोजित सीएमई में कहीं। शुभारंभ डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डा. एमएस बुटोला, विभागाध्यक्ष डा. नमिता मेहरोत्रा, डा. शंभू प्रसाद, विशिष्ट अतिथि डा. नवनीत चौहान ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। एम्स ऋषिकेश की प्रो. रश्मि मल्होत्रा ने डिजिटल युग में एआइ से शिक्षण, सीखने और अनुसंधान में सुधार पर व्याख्यान दिया। नई दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डा. महीप सिंह गौर, आईआईटी रुड़की के प्रो. संजीव कुमार आदि ने व्याख्यान दिया। एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए हिस्टोलाजी मैनुअल पुस्तक का विमोचन किया गया। इस दौरान इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा. आरपी सिंह, डा. शरद जौहरी, डा. क्रांति कुमार, डा. कंचन विष्ट, डा. धनंजय कुमार, डा. समता तिवारी आदि उपस्थित रहे।